राष्ट्रीय हिंदी, साप्ताहिक खबरें

जनती की समस्या, हर पल टाइम्स की खबर

# HAR PAL TIMES
# हर पल टाइम्स

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

RNI NO. MAHHIN/2011/24374

▶ वर्ष :१० ▶ अंक:१२ ▶ मुंबई, शुक्रवार, २० नवम्बर से २६ नवम्बर २०२० ▶ पृष्ठ: ४ ▶ मुल्य : २/- रु.

मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार, (०७४९८५३५२८६ आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)

## भारत में किसानों के लिए ३ कानून लाकर मची हलचल



Har pal tv news.cmw.cin. chief news Editor.Jameel g khan.Mumbai India.

१)भारत में किसानों ने 26 नवम्बर को भारत बंद का किया ऐलान

२) दिल्ली में 26 नवम्बर से किसान करेंगे आंदोलन

३) सरकार ने जो किसानों के लिए ३ कानून लाए वह किसानों को मंजूर नहीं.

४) क्या किसान जीत पाएंगे सरकार से?

५) भारत के कई स्टेट में करोना का जोर सरकार बढे सक्ती से कानून ला रही है, मास और डिस्डट जरुरी है.

६) सरकार का ध्यान मध्यम वर्गो के लोगों पर नहीं, मिडियम लोगों की बढ रही है परेशानी

७) कानून पर कानून ला रही है सरकार भारत के लोग कर रहे हैं सुसाइड , जबाबदार कौन?

# महाराष्ट्र के धार्मिक स्थल हुए अनलॉक

## शिर्डी के साईं बाबा से लेकर मुम्बई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जुटी भीड़

**मुंबई,**
महाराष्ट्र में कोविड-19 के मद्देनजर मार्च से बंद धार्मिक स्थलों को सोमवार को एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।पांच दिन के दीपावली त्योहार में पड़वा वाले दिन धर्मस्थलों को खोला गया है।

सातारा के पंढ़रपुर में भगवान विठ्ठल के मंदिर, शिर्डी में साई बाबा के मंदिर, उस्मानाबाद में देवी तुलजा भवानी के मंदिर और मुम्बई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन के लिए भक्त सुबह-सुबह पहुंच गए। सिद्धिविनायक मंदिर के अध्यक्ष आदेश बांदेकर ने रविवार को बताया कि मंदिर में प्रतिदिन एक हजार श्रद्धालुओं को दर्शन करने की अनुमति होगी और उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग समय पर भीतर जाने दिया जाएगा। मोबाइल फोन एप से दर्शन के लिए बुकिंग की जा सकती है।




राज्य सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार, अधिकारियों द्वारा तय किए गए समय के अनुसार, कोविड -19 निषिद्ध क्षेत्र से बाहर स्थित धार्मिक स्थलों को फिर से खोलने की अनुमति दी गई है हालांकि श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए चरणबद्ध तरीके से भीतर भेजने की व्यवस्था करनी होगा।

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने धर्मस्थलों को फिर से खोलने की घोषणा शनिवार को की थी, लेकिन साथ ही लोगों को आगाह करते हुए कहा था कि यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना वायरस का दानव अब भी मौजूद है अतः अनुशासन का पालन करना आवश्यक है।

## कर्नाटक राज्य समिति



1. सैयद हुसैन - राष्ट्रपति
2. डॉ. जॉन लेस्ली - वरिष्ठ वी राष्ट्रपति
3. अजय रेड्डी - वी राष्ट्रपति
4. मोहम्मद इमरान खान - वी राष्ट्रपति
5. शिवकुमार गौड़ा - वी राष्ट्रपति
6. कुलदीप सिंह - जनरल सेक्रेटरी
7. सैयद निजामुद्दीन - सचिव
8. जबीउल्ला ... ओर.सचिव
9. सैयद दस्तगीर - संयुक्त सचिव
10. अफरोज पाशा - प्रेस सचिव
11. सैयद अकरम पाशा - कार्यालय सचिव
12. सैयद इब्राहिम ..... कोषाध्यक्ष

ऑल इंडिया मेनेटिस फ्रंट के प्रेसिडेन्ट ने एस.एम.आसिफ ने सैय्यद हुसेन को कर्नाटक इस्टेट का प्रेसिडेन्ट बनाया एस. हुसेन कर्नाटक के गांव गांव जाकर लोगों की मदद कर रहें है और इनकी टिम भी साथ में काम कर रही है.

हर पाल टाइम्स की ओर से बधाई, हर पाल टीवी news. cmw.cin.Electornic Midea groups.chairman. Jameel g.khan. Team.Mumbai भारत।

## 64.52 लाख उपभोक्ताओं ने अप्रैल से नहीं किया है बिजली बिलों का भुगतान: MSEDCL



**मुंबई,**
महाराष्ट्र में करीब 64.52 लाख उपभोक्ताओं ने 1 अप्रैल के बाद बिजली बिल नहीं भरा है। महाराष्ट्र बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड (MSEDCL) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1 अप्रैल से राज्य के लगभग 64.52 लाख उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिलों के लिए एक रुपये तक का भुगतान नहीं किया है। बता दें कि द स्टेट डिस्कॉम (शेष पेज 3 पर)

## लॉकडाउन से नहीं खत्म होगा कोरोना : केजरीवाल



**दिल्ली,**
वैश्विक महामारी कोविड-19 की चुनौतियों के बीच इस साल की 18वीं लीडरशिप समिट वर्चुअल तरीके से 19 नवंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित हो रही है। आज एचटी लीडरशिप समिट का दूसरा दिन है। आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसमें हिस्सा लिया। इस दौरान दिल्ली में कोरोना मामले बढ़े तो क्या दोबारा से लॉकडाउन लगेगा इस सवाल के जवाब में दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने कहा कि लॉकडाउन से कोई कोरोना वायरस के मामले खत्म नहीं होते हैं। जैसे ही लॉकडाउन खुलेगा, फिर से केस बढ़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है जब हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर कोलेप्स करने की ओर (शेष पेज 3 पर)

## जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के लिए लगातार नए-नए हथकंडे अपना रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली ,**
पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के लिए लगातार नए-नए हथकंडे अपना रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुप्रचार की मुहिम फेल होने के बाद गिलगित बाल्टिस्तान में चुनाव का प्रयास और घाटी में घुसपैठ तेज करने के लिए लगातार सीमा पार से फायरिंग की जा रही है। पाकिस्तान चाहता है कि तेज ठंड से पहले घाटी में आतंकियो को बड़ी संख्या में भेजा जाए। खुफिया सूचनाओं के मुताबिक करीब 300६ आतंकी हर वक्त सीमा पर घुसपैठ के लिए तैयार रखे गए हैं। (शेष पेज 3 पर)



महाराष्ट्र शासन

# ख़याल रखें अपना और अपनों का...

# दीपावली की खुशियाँ बनी रहें आज, कल और हमेशा!

मास्क का प्रयोग करें । हाथ धोएं । दूरी रखें



**मेरा परिवार**
**मेरी जिम्मेदारी**

| श्री. उद्धव ठाकरे | श्री. अजित पवार | श्री. बाळासाहेब थोरात |
|---|---|---|
| मा. मुख्यमंत्री | मा. उप मुख्यमंत्री | मा. मंत्री, राजस्व |

सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय, महाराष्ट्र सरकार

## संपादकीय

# आईएमएफ की सलाह



महामारी और खासकर उससे उपजी आर्थिक चुनौतियों का सामना करने का जो मिला-जुला प्रयास अब तक दिखा है उसमें भी जी-20 की अहम भूमिका रही है। आईएमएफ के इस ब्लॉग में यह बात रेखांकित की गई है कि जी-20 देशों की अभूतपूर्व और त्वरित कार्रवाई ने संकट को और गहरा होने से रोका। आईएमएफ ने जी-20 देशों को आगाह किया है कि कोरोना वायरस का संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है, लिहाजा सरकारों को अपनी तरफ से किए जा रहे खर्चों में कमी लाने के बजाय उन्हें और बढ़ाकर लोगों का रोजगार बचाने की फिक्र करनी चाहिए। आईएमएफ के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से यह सामयिक सलाह सोमवार को प्रकाशित एक ब्लॉग के रूप में आई, जिसका शीर्षक था- ह्यसंकट समाप्त नहीं हुआ है, (समझदारी से) खर्च करना जारी रखें। यह सलाह ऐसे समय आई है जब जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं। यह सम्मेलन 21 और 22 नवंबर को सऊदी अरब की राजधानी रियाध में होने वाला है। जी-20 आज की तारीख में सही मायनों में पूरी दुनिया की नुमाइंदगी करने वाला सबसे ताकतवर ग्लोबल आर्थिक मंच है। 19 देशों और यूरोपीय यूनियन की सदस्यता वाले इस ग्रुप के देश संसार की दो तिहाई आबादी, 80 फीसदी व्यापार और 90 फीसदी जीडीपी को कवर कर लेते हैं। साफ है कि कोरोना जैसी वैश्विक चुनौती का सामना करने की किसी भी साझा रणनीति पर विचार करने और उसे अमल में लाने का इससे बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता। महामारी और खासकर उससे उपजी आर्थिक चुनौतियों का सामना करने का जो मिला-जुला प्रयास अब तक दिखा है उसमें भी जी-20 की अहम भूमिका रही है। आईएमएफ के इस ब्लॉग में यह बात रेखांकित की गई है कि जी-20 देशों की अभूतपूर्व और त्वरित कार्रवाई ने संकट को और गहरा होने से रोका। इस संकट से निपटने की कोशिशों में वे अबतक 11 लाख करोड़ डॉलर झोंक चुके हैं। स्वाभाविक है कि इन देशों को भी अब अपने संसाधन कम पड़ते हुए लग रहे हैं। वित्तीय घाटे को एक सीमा से आगे न जाने देने का दबाव सारी ही सरकारों के हाथ बांध रहा है। लेकिन दूसरी तरफ कोरोना वायरस अभी तक काबू में आने का कोई संकेत नहीं दे रहा है। जिन देशों में प्रतिदिन आने वाले नए केसों की संख्या काफी कम हो गई थी, वहां भी इसकी दूसरी लहर आने की खबर है। जाहिर है, फैक्ट्रियों की मशीनें पुरानी रफ्तार से चलने और काम-धंधों के पटरी पर लौटने की उम्मीद अगले दो-चार महीनों में नहीं की जा सकती। ऐसे में सबसे जरूरी बात यह है कि सरकारें समाज के कमजोर हिस्सों की जेब में पैसा पहुंचाते हुए जिंदा रहने की जद्दोजहद में उनकी मदद करें और छोटे कारोबारियों तथा कंपनियों की सहायता करके लोगों का रोजगार बचाने की कोशिश जारी रखें। आईएमएफ ने ठीक ही कहा है कि यह समय वित्तीय घाटे की चिंता को सबसे ऊपर रखने का नहीं है। उम्मीद की जाए कि सही समय पर आई इस सलाह की रोशनी में जी-20 देश दुनिया की साझा आर्थिक चुनौतियों से निपटने की उपयुक्त और एकीकृत रणनीति तैयार कर सकेंगे।

## उद्धव ठाकरे के खिलाफ ट्वीट करने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर विचार करने से किया इनकार



**नई दिल्ली ,** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके मंत्री पुत्र आदित्य ठाकरे के बारे में कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने के मामले में गुजरात से गिरफ्तार व्यक्ति की जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की पीठ ने आरोपी समीर ठक्कर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी से कहा कि वह बाम्बे उच्च न्यायालय जाएं। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय भी उसके मौलिक अधिकारों की रक्षा कर सकता है।

पीठ ने कहा-उच्च न्यायालय भी आपके मौलिक अधिकार बरकरार रख सकता है, वह मामला स्थानांतरित भी कर सकता है और आपको जमानत भी दे सकता है, फिर आप अनुच्छेद 32 के तहत याचिका के साथ यहां क्यों आ रहे हैं।

जेठमलानी ने कहा कि ठक्कर को जमानती अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है और इससे आपको भी आघात पहुंचेगा। इस पर पीठ ने उन्हें उच्च न्यायालय जाने के लिए कहते हुए टिप्पणी की- हम अब काफी आघात मुक्त हैं, हम रोजाना यह देख रहे हैं, हमें कुछ भी आघात नहीं पहुंचाता।

इस बीच महाराष्ट्र के वकील ने कहा कि वह मजिस्ट्रेट की अदालत में उनकी जमानत का विरोध नहीं करेगा क्योंकि ठक्कर से हिरासत में पूछताछ हो चुकी है। ठक्कर के खिलाफ सिर्फ उसके ट्वीट को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और उसे 24 अक्तूबर को राजकोट से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर नागपुर लाया गया और उसके ट्वीट के लिए पूछताछ की गई। यही नहीं, उसकी हिरासत की अवधि भी बढ़ाई गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे के खिलाफ कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले नागपुर निवासी समीत ठक्कर के विरुद्ध दर्ज तीन में से एक मामले में मुंबई की मजिस्ट्रेट अदालत ने सोमवार को जमानत दे दी। ठक्कर के वकील आबाद पोंडा ने कहा कि बांद्रा की मजिस्ट्रेट अदालत ने उनके मुवक्किल को 25,000 रुपये नकद जमा करने पर जमानत दे दी। मुख्यमंत्री और उनके मंत्री बेटे के खिलाफ ट्वीट करने के लिए मुंबई के बीकेसी साइबर सेल पुलिस थाने में ठक्कर के विरुद्ध दर्ज मामले में जमानत मिली। ठक्कर के विरुद्ध दो और मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक नागपुर में और दूसरा मुंबई के वीपी रोड पुलिस थाने में दर्ज है।

## कोरोना योद्धाओं के लिए सरकार का इनाम

**नई दिल्ली ,** केंद्र सरकार ने कोरोना वारियर्स के बच्चों के लिए केंद्रीय कोटे से एमबीबीएस/बीडीएस की पांच सीटें रिजर्व करने का फैसला किया है। इसके तहत उम्मीदवारों के चयन के लिए वार्ड ऑफ कोरोना वारियर्स की एक नई श्रेणी जोड़ी जाएगी। यह व्यवस्था इसी शैक्षणिक सत्र यानी 2020-21 सत्र से लागू होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने यह ऐलान किया है। हर्षवर्धन ने कहा कि यह कदम कोविड रोगियों के उपचार और प्रबंधन में कोविड वॉरियर्स के योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें सम्मान देने के लिए उठाया गया है। इससे कर्तव्य और मानवता के लिए निस्वार्थ समर्पण के साथ सेवा करने वाले सभी कोविड वॉरियर्स के महान बलिदान का सम्मान होगा। बयान के अनुसार, केंद्रीय कोटे से पांच एमबीबीएस सीटें उन कोविड वॉरियर्स के बच्चों के लिए रखी गई हैं जिन्होंने कोरोना ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई। इनमें निजी अस्पताल के कर्मचारी और राज्यों/केंद्रीय अस्पतालों/केंद्रीय/राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के स्वायत्त अस्पतालों, एम्स और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई)/ कोविड-19 से जुड़ी जिम्मेदारियों के लिए केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा चिह्नित किए गए अस्पतालों के सेवानिवृत्त/ स्वयंसेवक /स्थानीय शहरी निकाय/अनुबंधित/दैनिक वेतन/ कर्मचारी सभी शामिल हैं।

बाकी पेज १ का

## 64.52 लाख उपभोक्ताओं ने ...

राज्य में 2 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करता है। नवंबर में स्टेट डिस्कॉम द्वारा जारी एक सर्कुलर के अनुसार, इस वर्ष 7,154 करोड़ (अक्टूबर तक) बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसमें से हाई एंड यूजर (जो ज्यादा बिजली खपत करते हैं) के पास बकाया राशि 946 करोड़ है, जबकि लो एंड उपयोगकर्ता की बकाया राशि 5,050 करोड़ है। स्ट्रीट लाइट और अन्य चीजों पर लाइटों पर करीब 700 करोड़ का बकाया राशि है।

परिपत्र के अनुसार, इसने विभिन्न कर्मचारियों को साल के अंत तक बकाया वसूलने के लक्ष्य के साथ भूमिकाएँ सौंपी हैं। टरएउ्रछ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्रकर्मचारियों को उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने के लिए कहा गया है ताकि वे उन्हें विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दे सकें और साल के अंत तक अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। बिजली की बकाया राशि की रिकवरी के लिए कंपनी ने हर कर्मचारियों को टारगेट दे रखा है। सर्कुलर के मुताबिक, इसने विभिन्न कर्मचारियों को साल के अंत तक बकाया वसूलने टारगेट दिया है। टरएउ्रछ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्रकर्मचारियों को उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने के लिए कहा गया है ताकि वे उन्हें विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दे सकें और साल के अंत तक अपने लक्ष्य हासिल कर सकें।ह्व

अगस्त में राज्य ने कहा था कि वह अप्रैल, मई और जून के लिए अधिशेष (सरप्लस) राशि को प्रभावित करके अतिरिक्त बिलों को माफ करने की योजना बना रहा हैं। अक्टूबर में राज्य के ऊर्जा मंत्री नितिन राउत ने भी कहा था कि उपभोक्ताओं को दिवाली के दौरान अच्छी खबर मिलेगी। हालांकि, मंगलवार को राउत ने घोषणा की कि राज्य अपनी खराब वित्तीय स्थिति और केंद्र सरकार से सहायता की कमी के कारण उपभोक्ताओं को कोई राहत नहीं दे सकेगा।

अब इस पर सियासत भी तेज है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि इसने उन लोगों के साथ विश्वासघात किया है जो महामारी के दौरान कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राउत बिजली कंपनियों को हुए नुकसान से संबंधित गलत आंकड़े देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव सरकार महाराष्ट्र के लोगों को धोखा दे रही है। अपनी विफलता को कवर करने के लिए उद्धव सरकार के मंत्री अब केंद्र सरकार पर उंगली उठा रहे हैं।

## लॉकडाउन से नहीं खत्म

जाने लगे और हमारे पास बेड्स नहीं बचे हों, तो फिर हमें लॉकडाउन लागू कर देना चाहिए। इस दौरान सरकार वेंटिलेटर्स, बेड्स आदि की जरूरतों को पूरा कर लेगी। लोगों के पास लॉकडाउन की वजह से नौकरियां नहीं हैं। किसी तरह से रोजी-रोटी चला रहे हैं। अगर हमने फिर से लॉकडाउन कर दिया तो लोगों की जिंदगियां बर्बाद हो जाएंगी। अभी हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक-ठाक है। ऐसे में मुझे लगता नहीं है कि अभी दिल्ली में लॉकडाउन की जरूरत है। इसके अलावा एक और सवाल कि क्या लॉकडाउन सही समय पर लगाया गया था? इसके जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि सरकार ने लॉकडाउन ठीक समय पर लगाया। उस समय किसी को कुछ नहीं मालूम था। किसी को पता चलता था कि पीपीई किट या टेस्टिंग किट कोई एजेंसी दे रही है, तो फिर सभी राज्यों के बीच होड़ मच जाती थी। हमारे पास ना तो कोरोना का सामान था और ना ही जानकारी थी। इसलिए दो महीने का लॉकडाउन बहुत जरूरी था।

## जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के लिए...

नगरोटा में जैश आतंकियो के ढेर किये जाने के बावजूद सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाकिस्तान की शह पर नए हमलों की साजिश रची जा सकती है। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की साजिश को लेकर बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। एक तरफ पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ दिखावटी कार्रवाई करके आंख में धूल झोंकना चाहता है। वहीं कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। सूत्रों ने कहा, आतंकवादियों को घुसपैठ करवाने का जिम्मा पाकिस्तानी सेना की स्पेशल सर्विस ग्रुप एसएसजी को दिया गया है। आतंकी साजिश के तहत एलओसी पर पाकिस्तान की बार्डर एक्शन टीम यानी बैट को भी सक्रिय किया गया है।

कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी सेना लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रही है। एलओसी से सटे इलाकों में कई आतंकियों के ग्रुप पाकिस्तानी सेना के कैंपों में भी देखे गए हैं। सूत्रों के मुताबिक गुरेज ,मच्छल, केरन और तंगधार सेक्टर से सटे लॉन्च पैड पर आतंकियों का जमावड़ा है। इसके अलावा , नौगाम सेक्टर, नौशेरा, उरी और पुंछ के नजदीक भी आतंकी घुसपैठ के लिए जमा हैं। सूत्रों ने कहा इस बात की भी आशंका है कि घुसपैठ करने में सफल रहे आतंकी देश के अन्य हिस्सो में भी चले गए हों। इसलिए खुफिया समन्वय के आधार पर एजेंसिया सतर्क हैं।

# कोविड-19 का कहर, हरियाणा में सभी स्कूल 30 नवंबर तक के लिए बंद

**नई दिल्ली।**
हरियाणा में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए एक बार फिर प्रदेश के सभी निजी और सरकारी स्कूल 30 नवंबर तक बंद किए गए हैं। इस दौरान कोई भी शिक्षक और विद्यार्थी नहीं स्कूल नहीं आएगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश में सभी स्कूलों को पूरी तरह से सैनिटाइज करने के लिए कहा गया है, जिससे की संक्रमण्ण न फैले। रेवाड़ी, जींद और झज्जर में संक्रमित विद्यार्थियों के मिलने के बाद शुक्रवार को शिक्षा निदेशक ने यह आदेश जारी किए हैं।

हरियाणा में कोरोना संक्रमण के मामले गिरावट के बाद फिर से उछाल लेने लगे हैं। राज्य में गुरुवार को कोरोना संक्रमण के 2212 नए मामले आने के बाद राज्य में इस महामारी के संक्रमितों की कुल संख्या 2,09,251 हो गई है जिनमें से 1,87,559 अब तक ठीक हो चुके हैं तथा 20 और मरीजों के दम तोड़ देने से इस महामारी से मृतकों का आंकड़ा भी बढ़ कर 2113 पहुंच गया है।



राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कोरोना की स्थिति को लेकर यहां जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। राज्य में कोरोना संक्रमण दर 6.82 प्रतिशत, रिकवरी दर 89.63 प्रतिशत जबकि मृत्यु दर 1.01 प्रतिशत है। राज्य के हालांकि सभी 22 जिले कोरोना की चपेट में हैं लेकिन गुरूग्राम और फरीदाबाद जिलों में अपेक्षाकृत कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा तेजी से बढ़ना जारी है।

राज्य में कोरोना के गुरूग्राम में 645, फरीदाबाद 489, सोनीपत 130, हिसार 162, अंबाला 71 करनाल 45, पानीपत 30, रोहतक 79, रेवाड़ी 106, पंचकूला 87, कुरुक्षेत्र 43, यमुनानगर 32, सिरसा 65, महेंद्रगढ़ 35, भिवानी 34, झज्जर 35, पलवल सात, फतेहाबाद 33, कैथल 25, जींद 35, नूंह 13 और चरखी दादरी में 11 मामले आए।राज्य में कोरोना से अब तक 2113 लोगों की मौत हो चुकी है।

इनमें 1449 पुरुष, 663 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर हैं। राज्य में गुरुवार को हिसार में चार, गुरुग्राम और फतेहाबाद तीन-तीन, रेवाड़ी, सिरसा और भिवानी दो-दो तथा अंबाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र और जींद में एक-एक मौत हुई हैं।

## गोवा में सुधर रहे हालात, पिछले 24 घंटों में कोरोना से कोई मौत नहीं



**नई दिल्ली,**
गोवा में पिछले 24 घंटों के दौरान वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के 198 नए मामले दर्ज किये गए जिसके बाद राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 47,689 पर पहुंच गई। राज्य में इस दौरान राहत की बात यह रही कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों ले दौरान 163 मरीज इस महामारी से पूरी तरह ठीक हो गए। विभाग ने बताया कि राज्य में अबतक 45,655 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है तथा रिकवरी दर 95.73 प्रतिशत हैं। इस दौरान 2520 लोगों की कोरोना से संक्रमित होने की जांच की गई जिसके बाद राज्य में कोरोन जांच का आंकड़ा 3,45,201 पर पहुंच गया है। गोवा में वर्तमान कटना के 1348 सक्रिय मामले है। कोरोना के तांडव से देश और दुनिया त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। संक्रमण के दैनिक आंकड़े कम ज्यादा हो रहे हैं लेकिन कोई खास राहत मिलती नहीं दिख रही। बीते 24 घंटों में कोविड-19 के 41,810 नए मामलों के साथ, भारत के कुल मामले 93,92,920 हो गए हैं। वहीं 496 नई मौतों के साथ, मरने वालों की संख्या 1,36,696 हो गई हैं। कुल सक्रिय मामले 4,53,956 पर हैं। पिछले 24 घंटे में 42,298 नए डिस्चार्ज के साथ 88,02,267 लोग ठीक हो चुके हैं।

## दिल्ली की तर्ज पर NCR के निजी अस्पतालों का सर्वे करें हरियाणा और यूपी : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली,**
कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (ठउफ) के तहत आने वाले जिलों में राजधानी दिल्ली की तर्ज पर निजी अस्पतालों में सर्वे कराने को कहा है।

दिल्ली में कोरोना संक्रमण का प्रकोप बढ़ने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गत 15 नवंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली के सभी निजी अस्पतालों में कोरोना संक्रमण के इलाज की सुविधाओं का आकलन करने के लिए कहा था। इन अस्पतालों का दौरा करने वाली टीमों ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य महानिदेशालय को सौंप दी। गृहमंत्री के निर्देश के बाद पिछले तीन दिनों में दिल्ली के अस्पतालों में 150 आईसीयू बेड बढ़ाएं गए हैं। केंद्रीय पुलिस बलों के अस्पतालों से दिल्ली बुलाए गए 75 डॉक्टरों और 251 चिकित्सा कर्मियों ने गुरुवार से छतरपुर स्थित कोविड अस्पताल और शकूर बस्ती में बनाए गए रेलवे कोच अस्पताल में ड्यूटी जॉइन कर ली। दिल्ली सरकार ने विभिन्न अस्पतालों से र-ोगियों को इन दोनों कोविड देखभाल केंद्रों में रेफर करने के लिए कहा है। इसके साथ ही आरटी पीसीआर टेस्ट की संख्या को भी निरंतर बढ़-ाया जा रहा है और इस महीने के अंत तक इस टेस्ट को 60,000 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।



दिल्ली में विकराल रूप धारण कर रहे कोरोना के मामलों के देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अब एक नया प्लान बनाया है। इस प्लान के तहत छतरपुर में स्थित सरदार पटेल कोविड केयर सेंटर में 500 आइसोलेशन बेड्स को ऑक्सीजन सुविधा वाले बेड में परिवर्तित कर-गा। ये बेड्स सप्ताह के आखिर तक तैयार होने होने की उम्मीद है। गृह मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली में कोरोना पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाल रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दिल्ली की उडश्क्ळ-19 स्थिति पर समीक्षा बैठक के बाद 18 नवंबर को 28,708 आरटी-पीस-ीआर टेस्ट किए गए थे और नवंबर के अंत तक आरटी-पीसीआर टेस्ट की क्षमता 60,000 प्रति दिन तक हो जाएगी।

## लद्दाख में भारतीय सेना ने प्रदूषण के खिलाफ छेड़ी नई जंग

**लेह,** लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर के माइनस 40 डिग्री तापमान में देश की रक्षा में जुटे भार-तीय सेना प्रदूषण के खिलाफ भी नई जंग छेड़ दी है। सियाचिन ग्लेशियर को प्रदूषित होने से बचाने के लिए सेना ने अपने राशन और खाने पीने के अन्य सामानों के लिए प्लास्टि-क बैग और टेट्रा पैक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। सेना ने प्लास्टिक बैग और ट्रेटा पैक की जगह अब राशन व अन्य समानों की पैकिंग के लिए जूट के मजबूत बैग का इस्तेमाल शुरू किया है। रक्षा मंत्रालय ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में रिपोर्ट पेश करते हुए यह जानकारी दी है। एनजीटी प्रमुख जस्टिस ए.के. गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने मंत्रालय से ग्लेशियर और सैन्य कैंपों और कॉलोनियों में ठोस कचरा प्रबंधन और सैन्य कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जवाब मांगा था।

## 23 नवंबर को रोजगार मेला
## ITI से पास आउट विद्यार्थियों को नौकरी का मौका



**गुरुग्राम ,**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम द्वारा हरियाणा के सभी आईटीआई से पासआउट विद्यार्थियों के लिए 23 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में डेन्सो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड मानेसर, एसजीएस टैक्नीक्स मानेसर, सनबिम ऑटो प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम , बैस्ट कोकी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, सुब्रोस लिमिटेड मानेसर, आस्क ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड मानेसर, मधुसूधन ऑटो लिमिटेड गुरुग्राम, संजय ऑटोमोटिव गुरुग्राम अप्रेंटिसशिप व रिप्लस प्राइवेट लिमिटेड नोएडा, सरिता हांडा एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड मानेसर, श्री हरभजन अप्लायंसिज गुरुग्राम कंपनिया भाग ले रही हैं। रोजगार मेले के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए मोबाइल नंबर 9999836490, 9416927856, 8527613925 पर संपर्क कर सकते है।


## हर पल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज

क्राईम द मोस्ट वांटेड व क्राईम इंन्वेस्टिगेशन न्यूज देश के सभी जगहों पर हमारी खास न्यूज बतायी जा रही है अगर आपको, मोबाईल और लेपटॉप, पर देखनी हो तो www.harpaltvnews.com1 टाइप करके देखिये या crimeinvestigationharpaltv.com टाईप करके सभी खबरें देख सकते हैं, अगर आपको हमसे संपर्क करना है तो हमारा नंबर है ७४९८५३५२८६ अगर आपको खबर भेजना है तो ईमेल करें :
Email-harpaltimes.press@gmail.com

**कम से कम फीस में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की टेनिंग दी जा रही है..**
**सपर्क करें: ७०२१४२५४४२**



**मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल. कॉम्प, चेंबूर, मुंबई -४० ००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/ १. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४ ० ० ०४३ से प्रकाशित किया। संपादकः वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374 Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई, महाराष्ट्र होगा।)**